# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी

# मई , 2022

# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी मई, 2022
# (Current News from Daily News Papers)

## News Paper of 1 May, 2022

- **डॉ. सुमन के. बेरी नीति आयोग के नये उपाध्यक्ष नियुक्त हुए–**

1 मई, 2022 से डॉ. सुमन के. बेरी नीति आयोग के नये उपाध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। वे पूर्व नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार के त्यागपत्र देने के कारण नियुक्त हुए हैं।

डॉ. सुमन के. बेरी एक प्रमुख अर्थशास्त्री हैं। वे नीति आयोग के उपाध्यक्ष से पूर्व ब्रूसेल्स (बेल्जियम) में एक इकॉनोमिक थिंकटैंक के नॉन रेजिडेंट फैलो के पद पर कार्यरत थे।

डॉ. सुमन के. बेरी वर्ल्ड बैंक के चीफ इकॉनोमिस्ट के पद पर भी रह चुके हैं तथा वे प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् और मौद्रिक नीति पर भारतीय रिजर्व बैंक की तकनीकी सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

- **भारतीय मूल के नंद मूलचंदानी अमेरिकी खुफिया एजेंसी (सीआइए) के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर नियुक्त हुए–**

हाल ही में भारतीय मूल के नंद मूलचंदानी अमेरिकी खुफिया एजेंसी (सीआइए) के पहले चीफ टेक्नॉलोजी ऑफिसर के रूप में नियुक्त हुए। नंद मूल चन्दानी सिलिकॉन वैली और अमरीकी रक्षा विभाग और साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में काम कर चुके हैं।

## News Paper of 2 May, 2022

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 मई, 2022 से तीन यूरोपीय देशों डेनमार्क, जर्मनी और फ्रांस के दौरे पर–**

2 मई, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन यूरोपीय देशों डेनमार्क, जर्मनी और फ्रांस की यात्रा पर रवाना हुए। उनकी यह यात्रा इस वर्ष की पहली विदेश यात्रा है।

- **अप्रेल, 2022 में जीएसटी कलैक्शन रिकार्ड ₹ 1.68 लाख करोड़ पहुँचा; पहली बार यह ₹ 1.50 लाख करोड़ के पार पहुँचा–**

अप्रैल, 2022 में जीएसटी कलैक्शन रिकार्ड ₹ 1.68 लाख करोड़ पहुँचा है। जीएसटी लागू होने के बाद पहली बार यह कलैक्शन किसी एक महीने में ₹ 1.50 लाख करोड़ के पार गया है। अप्रैल, 2022 में सकल जीएसटी कलेक्शन ₹ 1,67,540 करोड़ रहा इसमें सीजीएसटी ₹ 33,159 करोड़ तथा एसजीएसटी ₹ 41,793 करोड़ रहा।

**अप्रैल, 2022 का जीएसटी संग्रह–**

| | | |
|---|---|---|
| • सीजीएसटी | – | ₹ 33,159 करोड़ |
| • एसजीएसटी | – | ₹ 41,793 करोड़ |
| • आइजीएसटी | – | ₹ 81,939 करोड़ |
| • उपकर | – | ₹ 10,649 करोड़ |

## News Paper of 3 May, 2022

- **तरुण कपूर को प्रधानमंत्री का नया सलाहकार बनाया–**

केन्द्र सरकार ने पूर्व पेट्रोलियम सचिव तरुण कपूर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सलाहकार नियुक्त किया है। तरुण कपूर 1987 बैच के हिमाचल कैडर के आइएएस अधिकारी हैं।

## News Paper of 4 May, 2022

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यूरोप दौरा- 3 मई, 2022 को डेनमार्क पहुँचे–**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूरोप दौरे के दौरान 3 मई, 2022 को कोपेनहेगन (डेनमार्क) पहुँचे। डेनमार्क में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वहां भारतीय समुदाय के लोगों से और डेनमार्क प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडेरिकसेन से मुलाकात की। भारत-डेनमार्क की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि "भारत में सुधारों और निवेश के अवसरों को देखते हुए मैं कह सकता हूँ कि जो भी हमारे देश में निवेश नहीं करते हैं वे निश्चित तौर पर चूक जाएंगे।"

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4 मई, 2022 को कोपेनहेगन (डेनमार्क) में भारत-नार्डिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। सम्मेलन में डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, स्वीडन और नार्वे के प्रधानमंत्री शामिल रहे।

पीएम मोदी ने फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मरीन को उन्नति

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

का प्रतीक राजस्थान का मशूहर 'ब्रास ट्री ऑफ लाइफ' तोहफे में दिया। इस पेड़ की पत्तियां एवं शाखाएँ सामवेशी जीवन के विभिन्न रूपों को दर्शाती हैं।

- **12 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को लगाए जाने वाले कोरोना टीके कोवोवैक्स की कीमत ₹ 900 से घटाकर ₹ 225 की गई–**

हाल ही में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने 12 से 17 वर्ष आयु के बच्चों को लगाए जाने वाले कोरोना टीके कोवोवैक्स की कीमत ₹ 900 से घटाकर ₹ 225 की है। 2 मई, 2022 को कोवोवैक्स को कोविन पोर्टल में शामिल किया गया है। भारत के ड्रग्स कंट्रोलर ने 3 मार्च, 2022 को 12 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कोवोवैक्स लगाने की अनुमति दी थी।

## News Paper of 5 May, 2022

- **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने रेपो रेट 0.4% बढ़ाकर 4.4 % की–**

4 मई, 2022 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने रेपो रेट में 40 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब रेपो रेट 4% से बढ़कर 4.4% हो गई है। रेपो रेट रिजर्व बैंक द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बढ़ती अनिश्चितता, रूस पर लगे प्रतिबन्धों से कच्चे तेल की बढ़ी कीमतों और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में गेहूँ तथा खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को देखते हुए बढ़ाने का फैसला लिया गया है। रेपो रेट बढ़ने से विभिन्न श्रेणी के बैंक लोन महंगे होंगे।

- ♦ जिस रेट पर आरबीआई बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। रेपो रेट कम होने का मतलब है कि बैंक से मिलने वाले लोन सस्ते होंगे।
- ♦ जिस रेट पर बैंकों को उनकी ओर से आरबीआई में जमा धन पर ब्याज मिलता है, उसे रिवर्स रेपो रेट कहते हैं।

- **भारत आईसीसी टी-20 की 2021-22 रैंकिंग में शीर्ष पर रहा–**

अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की 4 मई, 2022 को जारी सूची के अनुसार भारत आईसीसी टी-20 की 2021-22 सालाना रैंकिंग में अच्छे प्रदर्शन के चलते शीर्ष पर रहा है।

भारत वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर तथा टैस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रहा है।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यूरोप दौरा : 4 मई, 2022 को फ्रांस की यात्रा पर–**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी तीन दिवसीय यूरोप यात्रा पर 4 मई, 2022 को फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुँचे। यहाँ वे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों से मिले। भारत और फ्रांस 1998 से रणनीतिक साझेदार हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा, असैन्य परमाणु, अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष, समुद्री सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण, आतंकवाद का मुकाबला और लोगों के बीच संबंधों में बहुआयामी साझेदारी है।

## News Paper of 6 May, 2022

- **जम्मू-कश्मीर विधानसभा सीटों के परिसीमन की अंतरिम रिपोर्ट जारी; जम्मू में 6 और कश्मीर में 1 विधानसभा सीट बढ़ेगी–**

5 मई, 2022 को जारी परिसीमन आयोग की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सात नई सीटें बनना प्रस्तावित है। छह सीटें जम्मू क्षेत्र में और एक सीट कश्मीर में बढ़ सकती है।

परिसीमन आयोग के सदस्यों में सेवानिवृत जस्टिस रंजना देसाई अध्यक्ष है।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा सीटें-

| क्षेत्र | वर्तमान सीटें | प्रस्तावित सीटें | बढ़ोतरी प्रस्तावित |
|---|---|---|---|
| जम्मू | 37 सीटें | 43 सीटें | 6 सीटें |
| कश्मीर | 46 सीटें | 47 सीटें | 1 सीट |

परिसीमन आयोग ने अपनी रिपोर्ट में पहली बार प्रवासी कश्मीर पंडितों के लिये 2 सीटें आरक्षित करने का सुझाव दिया है।

जम्मू-कश्मीर में इससे पूर्व परिसीमन वर्ष 1995 में किया गया था। जम्मू-कश्मीर में संसदीय क्षेत्र 5 हैं जो यथावत रहेंगे। ये क्षेत्र निम्न हैं–

♦ बारामूला ♦ श्रीनगर ♦ अनंतनाग-राजौरी ♦ उधपुर ♦ जम्मू

- **माउंट एवरेस्ट पर दुनिया का सबसे ऊँचा मौसम निगरानी केन्द्र बना–**

हाल ही में चीन के वैज्ञानिकों ने चीन-नेपाल सीमा पर स्थित माउंट एवरेस्ट (तिब्बती में इसे कोमोलांगमा कहते हैं) पर स्वचालित मौसम निगरानी केन्द्र की स्थापना की है। यह दुनिया का सबसे ऊँचा मौसम निगरानी केन्द्र बना है। यह समुद्र तल से 8,800 मीटर से अधिक ऊँचाई पर मौजूद है।

## News Paper of 7 May, 2022

- **श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने देश में आपातकाल की घोषणा की–**

6 मई, 2022 को श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने देश में आपातकाल लगाने की घोषणा की। श्रीलंका में आर्थिक

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

संकट की स्थिति चल रही है। जिसके चलते श्रीलंका सरकार को जनता का उग्र विरोध झेलना पड़ रहा है।

- **रिलायंस इंडस्ट्रीज 100 अरब डॉलर आय वाली पहली भारतीय कंपनी बनी–**

हाल ही में आये मार्च तिमाही के नतीजों के फलस्वरूप रिलायंस इंडस्ट्रीज एक वित्तीय वर्ष 2021-22 में 100 अरब डॉलर से ज्यादा आय अर्जित करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में कंपनी की आय 47% बढ़कर ₹ 7,92,756 करोड़ (102 अरब डॉलर) रही।

- **कोविड-19 के प्रभाव से चीन के हांगझोऊ में होने वाले 19वें एशियन गेम्स स्थगित हुए–**

कोविड-19 के प्रभाव के चलते चीन के हांगझोऊ में सितम्बर, 2022 से होने वाले 19वें एशियन गेम्स को स्थगित कर दिया गया है। एशियन गेम्स स्थगित करने का निर्णय ताशकंद में 6 मई, 2022 को लिया गया।

- **6 मई, 2022 को कोविड-19 के प्रभाव के कारण दो वर्ष बाद केदारनाथ धाम के श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ कपाट खुले–**

6 मई, 2022 को प्रात: काल 6.25 बजे कोविड-19 के प्रभाव के चलते दो वर्ष बाद श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ केदारनाथ धाम के कपाट खुले हैं।

## News Paper of 8 May, 2022

- **अमेरिकी व्यवसायी टॉड बॉएहली ने दिग्गज फुटबॉल क्लब चेल्सी को ₹ 4.27 खरब (4.25 बिलियन पाउंड) में खरीदा–**

हाल ही में अमेरिकी व्यवसायी टॉड बोएहली की अगुवाई वाले ग्रुप ने दिग्गज फुटबाल क्लब चेल्सी को करीब ₹ 4.27 खरब (4.25 बिलियन पाउंड) में खरीदा है।

चेल्सी क्लब के वर्तमान मालिक रूस के रोमन अब्रामोविच से इस सौदे पर सहमति बनी है।

## News Paper of 9 May, 2022

- **हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में टीलों के नीचे 5000 साल पुराने हड़प्पाकालीन जमीन में दफन शहर के साक्ष्य मिले–**

हाल ही में हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी गाँव में पुरातात्विक खुदाई के दौरान 5000 साल पहले जमीन में दफन हुए हड़प्पाकालीन शहर के सबूत मिले हैं। यह शहर विलुप्त सरस्वती की सहायक नदी दृश्वद्वती के किनारे बसा था।

यहाँ 5000 साल पहले की ईंटे, नालियां व नालियों के ऊपर रखे मिट्टी के घड़े मिले हैं। भारत सरकार ने राखीगढ़ी को हड़प्पाकाल की आइकॉनिक साइट का दर्जा दिया है एवं यहां एक म्यूजियम भी बनाया गया है।

राखीगढ़ी गाँव के टीलों के नीचे कच्ची-पक्की ईंटों की सड़कें, घरों की संरचना व तांबे का आइना मिला है। एक चूल्हा भी मिला है। मडब्रिक लगाकर इसका प्लेटफार्म तैयार किया गया।

- **नेपाल के पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने माउंट एवरेस्ट को 26वीं बार फतह किया–**

हाल ही में नेपाल के पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट को 26वीं बार फतह कर नया विश्व रेकॉर्ड बनाया और अपना ही पिछला रेकॉर्ड तोड़ा।

- **क्रिस्टियन ब्लममेनफेल्ट ने आयरनमैन वर्ल्ड चैम्पियनशिप जीती–**

हाल ही में ओलंपिक चैम्पियन क्रिस्टियन ब्लममेनफेल्ट ने आयरनमैन वर्ल्ड चैम्पियनशिप जीती है। क्रिस्टियन ब्लमनेनफेल्ट इस चैम्पियनशिप के 44 साल के इतिहास में यह टाइटल जीतने वाले नार्वे के पहले खिलाड़ी भी बने हैं।

क्रिस्टियन ब्लममेनफेल्ट ने स्विमिंग (3.86 कि.मी.), साइक्लिंग (180.24 कि.मी.) और रनिंग (42.15 कि.मी.) को रिकॉर्ड 7 घंटे 49 मिनट 16 सैकण्ड में पूरा किया। कनाडा के लियोनेल सैंडर्स दूसरे और न्यूजीलैंड के ब्रेडन क्यूरी तीसरे नंबर पर रहे।

महिला कैटेगरी में स्विटजरलैंड की डेनियल रिफ ने पांचवी बार खिताब जीता। वे यहां 5 टाइटल जीतने वाली दूसरी स्विस ट्राएथलीट हैं। महिला वर्ग में ब्रिटेन की कैट मैथ्यू दूसरे और जर्मनी की एनी हॉग तीसरे नंबर पर रहीं।

## News Paper of 10 May, 2022

- **भारत की अगली जनगणना 'ई-जनगणना' प्रस्तावित–**

9 मई, 2022 को भारत के गृहमंत्री अमित शाह के कथनानुसार भारत की अगली जनगणना ई-जनगणना (इलेक्ट्रॉनिक जनगणना) होगी। जिसके तहत पूर्ण जनगणना की जा सकेगी, जो कि सौ प्रतिशत सही होगी। गृहमंत्री अमित शाह ने यह गुवाहटी के अभीगांव में जनगणना केन्द्र के उद्घाटन के समय कटा।

## News Paper of 11 May, 2022

- **भारतीय वास्तुकार बालकृष्ण दोशी को 'रॉयल गोल्ड मेडल 2022' मिला–**

10 मई, 2022 को भारतीय वास्तुकार बालकृष्ण दोशी को

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

ब्रिटिश आर्किटेक्ट्स (आरआईबीए) के अध्यक्ष साइमन अल्फोर्ड ने 'रॉयल गोल्ड मेडल 2022' प्रदान किया। यह मेडल वास्तुकला के सर्वोच्च सम्मानों में शामिल है।

## News Paper of 12 May, 2022

- **संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा का निधन–**

10 मई, 2022 को प्रसिद्ध संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा का निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। पं. शिवकुमार शर्मा ने अपने संगीत से संतूर को अन्तर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई थी।

## News Paper of 13 May, 2022

- **राजीव कुमार भारत के नए मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त हुए–**

राजीव कुमार को भारत का नया मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। राजीव कुमार पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चन्द्रा का स्थान लेंगे। राजीव कुमार 1984 बैच के आइएएस अफसर है। इस पद से पूर्व वे 1 सितम्बर, 2020 से चुनाव आयुक्त पद पर कार्यरत हैं।

## News Paper of 14 May, 2022

- **इसरो ने ह्यूमन रेटेड सॉलिड रॉकेट बूस्टर (एचएस-200) का सफल परीक्षण किया–**

13 मई, 2022 को इसरो ने ह्यूमन रेटेड सॉलिड रॉकेट बूस्टर (एचएस-200) का परीक्षण किया। यह परीक्षण सफल रहा है। इस रॉकेट को गगनयान कार्यक्रम के लिए तैयार किया है। इस परीक्षण के तहत इसरो चंद्रमा और मंगल पर मिशन भेजने के बाद शुक्र ग्रह पर मिशन भेजने की तैयारियों में जुटा हुआ है।

## News Paper of 15 May, 2022

- **माणिक साहा त्रिपुरा के नए मुख्यमंत्री (सीएम) बने–**

हाल ही में राज्यसभा सदस्य माणिक साहा को त्रिपुरा का नया मुख्यमंत्री बनाया गया है। माणिक साहा से पहले त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लव कुमार देव रहे जिन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था।

- **ऑस्कर 2023 के 95वें संस्करण के आयोजन की घोषणा हुई–**

ऑस्कर पुरस्कार 2023 के 95वें संस्करण का आयोजन 13 मार्च, 2023 को लॉस एंजिलिस के ओवेशन हॉलीवुड के डॉल्बी सभागार में किया जाएगा। ऑस्कर पुरस्कारों के लिए नामांकन 24 जनवरी, 2023 को सार्वजनिक किए जाएंगे।

- **केन्द्र सरकार ने बढ़ती कीमतों के नियंत्रण हेतु गेहूँ के निर्यात पर रोक लगाई–**

हाल ही में गेहूँ के बढ़ते निर्यात एवं देश में बढ़ती कीमतों के फलस्वरूप केन्द्र सरकार ने इसके निर्यात पर रोक लगाई है। यह गेहूँ के उत्पादन में गिरावट के अनुमान को देखते हुए किया गया है।

गेहूँ का पाँच वर्षों में निर्यात

| वर्ष | निर्यात |
|---|---|
| 2021-22 | 78.50 लाख टन |
| 2020-21 | 20.80 लाख टन |
| 2019-20 | 21.73 लाख टन |
| 2018-19 | 2.26 लाख टन |
| 2017-18 | 3.22 लाख टन |

## News Paper of 16 May, 2022

- **भारत ने पहली बार थॉमस कप जीता–**

15 मई, 2022 को भारतीय बैडमिंटन टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार विश्व बैडमिंटन के सबसे प्रतिष्ठित टीम इवेंट थॉमस कप जीतकर चैंपियन बना। भारतीय टीम ने 14 बार चैंपियन रही इंडोनेशिया को 3-0 से हराया। इंडोनेशिया के खिलाफ लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत ने सिंगल्स जीते जबकि सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी ने डबल्स जीते।

थॉमस कप खिताब अपने नाम कर भारतीय पुरुष शटलरों ने विश्व बैडमिंटन में अपनी बादशाहत कायम की।

केन्द्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय बैडमिंटन संघ (BAI) ने थॉमस कप विजेता टीम को ₹ 1 करोड़ देने की घोषणा की।

थॉमस कप की शुरुआत 1948-49 में स्टार खिलाड़ी सर जॉर्ज एलन थॉमस ने की थी। थॉमस कप का आयोजन तीन साल में एक बार होता है।

**अब तक थॉमस कप के विजेता देश–**

| | | |
|---|---|---|
| • इंडोनेशिया | – | 14 बार विजेता रहा |
| • चीन | – | 10 बार विजेता रहा |
| • मलेशिया | – | 05 बार विजेता रहा |
| • जापान | – | 01 बार विजेता रहा |
| • डेनमार्क | – | 01 बार विजेता रहा |
| • भारत | – | 01 बार विजेता रहा |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **देवसहायम पिल्लई को संत की उपाधि दी गई–**

18वीं सदी में ईसाई धर्म अपनाने वाले हिंदू देवसहायम पिल्लई को जन्म के 300 साल बाद हाल ही में वेटिकन में पोप फ्रांसिस ने संत की उपाधि दी है। यह उपाधि पाने वाले वे पहले भारतीय हैं। देवसहायम पिल्लई का जन्म 1712 ई. में कन्याकुमारी में हुआ था।

- **ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर एंड्रयू सायमंड्स का निधन–**

14 मई, 2022 को ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर एंड्रयू सायमंड्स का कार दुर्घटना में निधन हो गया। एंड्रयू सायमंड्स अपने होठों पर जिंक की सफेद क्रीम और घुंघराली लटों के लिए जाने जाते थे।

एंड्रयू सायमंडस का अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन

| मैच खेले | औसत | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| टेस्ट | 40.61 | 1462 | 24 |
| वनडे | 39.75 | 5088 | 133 |
| टी-20 | 48.14 | 337 | 08 |

- **अदानी ग्रुप ने भारत की दो प्रमुख सीमेंट कंपनियों अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी लिमिटेड को ₹ 81 हजार करोड़ में खरीदा–**

हाल ही में अदानी ग्रुप ने भारत की दो प्रमुख सीमेंट कंपनियों अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी लिमिटेड में स्विस कंपनी होलसिम की पूरी हिस्सेदारी अंबुजा सीमेंट में 63.19% और एसीसी लिमिटेड में 54.53% खरीदने की डील साईन की। इसके लिए अदानी ग्रुप ने 10.5 अरब डॉलर (लगभग 81,427 करोड़) खर्च किए।

## News Paper of 17 May, 2022

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लुम्बिनी में बौद्ध सम्मेलन को संबोधित किया–**

16 मई, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बौद्ध सम्मेलन को संबोधित किया। इसमें गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेपाल के पीएम शेर बहादुर देउबा से वार्ता हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद पांचवीं बार नेपाल यात्रा पर पहुँचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के पीएम के बीच द्विपक्षीय वार्ता के निम्न बिन्दु रहे–

- ♦ दोनों पक्ष जल विद्युत, विकास और सम्पर्क आदि क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।
- ♦ बौद्ध अध्ययन के लिए डॉ. अम्बेडकर पीठ की स्थापना के संबंध में लुम्बिनी बुद्धिस्ट यूनिवर्सिटी और भारतीय संस्कृति संबंध परिषद् के बीच करार हुआ है।
- ♦ पीएम नरेन्द्र मोदी ने लुम्बिनी में बौद्ध संस्कृति और विरासत केन्द्र की आधारशिला भी रखी।

## News Paper of 18 May, 2022

- **भारत की थोक मुद्रा स्फीति 24 वर्ष बाद रिकॉर्ड 15.08% पर–**

17 मई, 2022 को केन्द्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल, 2022 में थोक महंगाई दर 15.08% के उच्च स्तर पर पहुँची। मार्च, 2022 में यह 14.55% थी। यह बढ़ोतरी पिछले 24 वर्षों में सर्वाधिक है। अप्रैल, 2021 में थोक महंगाई दर 10.74% थी।

थोक मुद्रा स्फीति की विभिन्न क्षेत्रों में गत एक वर्ष में बढ़ोतरी–

| | |
|---|---|
| खाद्य पदार्थों में | – 8.35% |
| ईंधन और बिजली में | – 38.66% |
| विनिर्मित उत्पादों में | – 10.85% |
| तिलहन में | – 16.10% |
| कच्चे तेल (क्रूड) और प्राकृतिक गैस में | – 69.07% |

अप्रैल, 2021 में मुद्रास्फीति की उच्च दर के लिए मुख्य रूप से खनिज तेलों, मूल धातुओं, कच्चे पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, खाद्य पदार्थों, गैर-खाद्य वस्तुओं, रासायनिक उत्पादों व रसायनों की कीमतों में बढ़ोतरी जिम्मेदार है।

खुदरा महंगाई दर भी अप्रैल, 2022 में 7.79% की दर से बढ़ी है।

- **भारत में बने दो युद्धपोत 'उदयगिरी' और 'सूरत' समुद्र में उतरे–**

17 मई, 2022 को मुंबई के मझगांव डॉक में विध्वंसक आइएनएस 'उदयगिरी' एवं 'सूरत' को लॉन्च किया गया। दोनों युद्धपोतों में लगे 75% उपकरणों व प्रणालियों को स्वदेशी कंपनियों ने बनाया है। इन दोनों युद्धपोतों की डिजाइन नौसेना के नेवल डिजाइन निदेशालय ने तैयार की है।

'उदयगिरी' और 'सूरत' युद्धपोत की विशेषताएं–

**उदयगिरी :** आंध्र की एक पर्वतमाला के नाम पर उदयगिरि प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट का तीसरा जहाज है। यह लिएंडर क्लास एएसडब्ल्यू फ्रिगेट का नया अवतार है। यह बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार, सेंसर, प्लेटफार्म मैनेजमेंट सिस्टम से लेस है।

**सूरत :** यह प्रोजेक्ट 15बी डिस्ट्रॉयर का चौथा जहाज है। इसे ब्लॉक निर्माण पद्धति का उपयोग करके बनाया गया है। यह

प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट के तहत बनाया युद्धपोत है। यह उन्नत हथियारों, सेंसर और प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम से लेस है।

- **आन्ध्र प्रदेश में दुनिया का सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा भंडारण संयंत्र होगा–**

आंध्र प्रदेश के कुर्नूल में दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत ऊर्जा भंडारण संयंत्र बनाया जा रहा है। यह परियोजना 5230 मेगावाट की है तथा तीन अरब डॉलर की लागत से स्थापित की जा रही है। 5230 मेगावाट की इस परियोजना में 3000 मेगावाट सौर, 550 मेगावाट पवन और 1680 मेगावाट पंप भंडारण क्षमता है। यह संयंत्र पूर्ण होने पर वर्ष 2023 में शुरू हो सकेगा।

- **भारत में वर्ष 2030 तक 6जी शुरू करने की योजना–**

17 मई, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) के रजत जयंती समारोह में भारत में वर्ष 2030 तक 6जी दूरसंचार नेटवर्क शुरू करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समारोह को विडियो कॉन्फ्रेसिंग (वर्चुअली) से सम्बोधित करते हुए 5जी टेस्टबेड लॉन्च किया।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 5जी नेटवर्क भारत में अगले कुछ महिनों में प्रारम्भ हो जाएगा जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था में 450 अरब डॉलर (लगभग ₹ 3492 करोड़) का इजाफा होगा। जिससे इंटरनेट एवं रोजगार सृजन की गति बढ़ेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया 5जी टेस्टबेड टेलीकॉम इंडस्ट्री और स्टार्टअप को सपोर्ट करेगा। 5जी टेस्टबेड को आइआइटी मद्रास के नेतृत्व में 8 इंस्टीट्यूट ने मिलकर डेवलप किया है।

## News Paper of 19 May, 2022

- **दिल्ली के एलजी (उपराज्यपाल) अनिल बैजल ने इस्तीफा दिया–**

18 मई, 2022 को दिल्ली के एलजी (उपराज्यपाल) अनिल बैजल ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंपा। उन्हें दिसम्बर, 2016 में दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया था। अनिल बैजल का कार्यकाल दिसम्बर, 2021 में पूरा हो गया था लेकिन उन्हें सेवा विस्तार दिया गया था।

- **तुर्की का राइज-आर्टबिन एयरपोर्ट समुद्र को पत्थरों से भरकर बनाया जाने वाला दुनिया का पांचवा एयरपोर्ट बना–**

हाल ही में 14 मई, 2022 को तुर्की में समुद्र को भरकर बनाया गया राइज-आर्टविन एयरपोर्ट खोल दिया गया है। यह इस तरह का तुर्की का दूसरा एयरपोर्ट है। यह एयरपोर्ट समुद्र को पत्थरों से भरकर बनाया गया विश्व का पांचवा एयरपोर्ट है।

## News Paper of 20 May, 2022

- **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में 5जी कॉल का सफल परीक्षण हुआ–**

19 मई, 2022 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में 5जी कॉल का सफल परीक्षण हुआ। केन्द्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 5जी नेटवर्क से सफलतापूर्वक पहला कॉल किया। इस पूरे 5जी नेटवर्क को भारत में डिजाइन और विकसित किया गया है। इसे आईआईटी मद्रास के नेतृत्व में 8 संस्थानों ने मिलकर विकसित किया है। इस अवसर पर हाइपरलूप पॉट का भी परीक्षण किया गया।

- **शहरी बेरोजगारों के लिए भी मनरेगा जैसी योजना आएगी: पीएम आर्थिक सलाहकार परिषद ने सुझाव दिया–**

हाल ही में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने शहरी बेरोजगारों के लिए भी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की तर्ज पर मांग आधारित गारंटीशुदा रोजगार योजना लाने की सिफारिश की है, इसके साथ ही सलाहकार परिषद ने असमानता कम करने के लिए यूनिवर्सल बेसिक इनकम (यूबीआई) शुरू करने और सामाजिक क्षेत्रों को अधिक रकम आवंटित करने का सुझाव दिया है।

- **महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में निकहत जरीन ने स्वर्ण पदक जीता : थाइलैंड की मुक्केबाज जिटपोंग जुटामास को 5-0 से हराया–**

19 मई, 2022 को इस्ताबुल के तुर्की में खेली गई विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 52 किग्रा वर्ग के फाइनल में भारत की मुक्केबाज निकहत जरीन ने थाइलैंड की मुक्केबाज जिटपोंग जुहामास को 5-0 के अन्तर से हरा कर स्वर्ण पदक जीता। वे वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली भारत की 5वीं मुक्केबाज बनी हैं। इससे पूर्व मैरीकॉम, सरिता देवी, जेनी आरएल, लेखाकेसी वर्ल्ड चैंपियन बन चुकी हैं। निकहत जरीन 25 साल की हैं जिन्होंने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता है।

विश्व महिला मुक्केबाजी में भारत को मिले स्वर्ण पदकों का प्रदर्शन

| स्वर्ण पदक प्राप्तकर्त्ता | वर्ष |
|---|---|
| • एमसी मैरीकॉम | 2002, 2005, 2006, 2008, 2010, 2018 |
| • सरिता देवी | 2006 |
| • जेनी आरएल | 2006 |
| • लेखाकेसी | 2006 |
| • निकहत जरीन | 2022 |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## News Paper of 21 May, 2022

- **भारत ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में रिकॉर्ड 83.57 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हासिल किया–**

भारत ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में रिकॉर्ड 83.57 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) हासिल किया है। यह अब तक का किसी भी वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में 81.97 अरब डॉलर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) आया था। इस वित्तीय वर्ष के दौरान FDI में वृद्धि नीतिगत सुधारों व कारोबारी सुगमता के कारण देखने को मिली है।

- **उत्तर प्रदेश विधानसभा पूर्ण रूप से पेपरलेस हुई–**

देश की सबसे बड़ी विधानसभा—उत्तर प्रदेश विधानसभा पूर्ण रूप से पेपरलेस हो गई है। अब उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यों वाली विधानसभा ई-विधान के तहत कामकाज करेगी।

20 मई, 2022 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उत्तर प्रदेश ई-विधानसभा का उद्घाटन किया। अब इस ई-विधानसभा में सदस्यों के सवाल और मंत्रियों के जवाब सभी कुछ टैबलेट के माध्यम से होंगे।

## News Paper of 23 May, 2022

- **डब्ल्यूडीएमएमए की 'वैश्विक वायु शक्ति रैंकिंग-2022' में भारतीय वायुसेना तीसरे स्थान पर–**

हाल ही में जारी आधुनिक सैन्य विमान की वर्ल्ड डायरेक्ट्री (डब्ल्यूडीएमएमए) की 'वैश्विक वायु शक्ति रैंकिंग-2022' में भारतीय वायुसेना तीसरे स्थान पर आई है। पहले और दूसरे स्थान पर क्रमशः अमेरिकी वायुसेना और रूसी वायुसेना रही है।

भारतीय वायुसेना के पास 1645 सक्रिय विमान हैं जिसमें फाइटर जेट, हेलिकॉप्टर, ट्रेनर्स एयरक्राफ्ट, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट एवं टैंकर्स और स्पेशल मिशन एयरक्राफ्ट शामिल हैं। भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ने का प्रमुख कारण तेजस व राफेल का शामिल होना है।

**विश्व की शीर्ष 10 देशों की वायुसेना शक्ति**

| | देश | एयरक्राफ्ट | ट्रू वेल्यू रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1. | अमेरिकी वायुसेना | 5,091 | 242.9 |
| 2. | रूसी वायुसेना | 3,829 | 114.2 |
| 3. | भारतीय वायुसेना | 1,645 | 69.4 |
| 4. | चीनी वायुसेना | 2,040 | 63.8 |
| 5. | जापान वायु आत्मरक्षा बल | 779 | 58.1 |
| 6. | इजरायली वायुसेना | 581 | 58 |
| 7. | फ्रांसीसी वायुसेना | 658 | 56.3 |
| 8. | ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स | 475 | 55.3 |
| 9. | दक्षिण कोरियाई वायुसेना | 890 | 53.4 |
| 10. | इतालवी वायुसेना | 506 | 51.9 |

- **भारतवंशी सुनील चोपड़ा ब्रिटेन में मेयर बने–**

भारतवंशी व्यवसायी सुनील चोपड़ा दूसरी बार ब्रिटेन में 'लन्दन बरो ऑफ साउथवार्क' के मेयर चुने गए हैं। वे बरो का कार्यालय सम्भालने वाले भारतीय मूल के पहले शख्स हैं।

- **10 वर्षीय रिदम ममानिया सबसे कम उम्र में एवरेस्ट बेस कैंप (ईबीसी) फतह करने वाली पहली भारतीय पर्वतारोही बनी—**

महाराष्ट्र की 10 वर्षीय रिदम ममानिया सबसे कम उम्र में एवरेस्ट बेस कैंप (ईबीसी) फतह करने वाली पहली भारतीय पर्वतारोही बनी हैं।

## News Paper of 24 May, 2022

- **विनय कुमार सक्सेना को दिल्ली का नया उपराज्यपाल (एलजी) नियुक्त किया गया–**

हाल ही में विनय कुमार सक्सेना को दिल्ली का नया उपराज्यपाल (एलजी) नियुक्त किया गया है। उन्हें खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष रहते यह उपलब्धि हासिल हुई है। विनय कुमार सक्सेना को पूर्व उपराज्यपाल (एलजी) अनिल बैजल के स्थान पर लगाया गया है।

- **गुजरात तट पर आईएनएस जलाश्व का सैन्य अभ्यास हुआ–**

हाल ही में भारतीय नौसेना ने अपने सबसे बड़े सैन्य वाहक आईएनएस जलाश्व के जरिए कच्छ की खाड़ी में थल और वायुसेना के साथ सैन्य अभियान चलाया।

जलाश्व नौसेना के पूर्वी कमान मुख्यालय विशाखापत्तनम में तैनात है। इसे भारतीय नौसेना में वर्ष 2007 में शामिल किया गया था।

## News Paper of 25 May, 2022

- **ट्रेवल एण्ड टूरिज्म डेवलपमेंट इंडेक्स में भारत दुनियाभर में 54वें स्थान पर–**

हाल ही में घोषित ट्रेवल एण्ड टूरिज्म डेवलपमेंट इंडेक्स में

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

भारत दुनियाभर में 54वें स्थान पर रहा है। यह इंडेक्स दुनियाभर की 117 अर्थव्यवस्थाओं की पड़ताल करने के बाद जारी किया गया। इस इंडेक्स में साउथ एशिया में भारत शीर्ष पर है।

**ट्रेवल एण्ड टूरिज्म डेवलपमेंट इंडेक्स**

| देश | रैंक |
|---|---|
| जापान | 1 |
| अमेरिका | 2 |
| स्पेन | 3 |
| भारत | 54 |

- **हिमाचल प्रदेश की बलजीत कौर ने 8,000 मीटर से ऊँची पाँच पर्वत चोटियों पर विजय प्राप्त कर महाराष्ट्र की प्रियंका मोहिते के रिकार्ड की बराबरी की–**

हाल ही में हिमाचल प्रदेश की बलजीत कौर ने 8,000 मीटर से ऊँची माउंट एवरेस्ट और माउंट लाहोत्से सहित 5 पर्वत चोटियों पर विजय प्राप्त की। ऐसा करके उसने महाराष्ट्र की प्रियंका मोहिते के रिकार्ड की बराबरी कर ली। महाराष्ट्र की प्रियंका मोहिते कुछ समय पूर्व ही 8,000 मीटर से ऊँची पाँच पर्वत चोटियों पर विजय प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं।

**विश्व की शीर्ष पर्वत चोटियाँ**

| पर्वत चोटी | | ऊँचाई (समुद्र तल से) |
|---|---|---|
| • माउंट एवरेस्ट | – | 8,848 मीटर |
| • K2 | – | 8,611 मीटर |
| • कंचनजंगा | – | 8,586 मीटर |
| • ल्होत्से | – | 8,516 मीटर |
| • मकालू | – | 8,481 मीटर |
| • चो ओयू (चोयू) | – | 8,201 मीटर |
| • धौलागिरी | – | 8,179 मीटर |
| • मनास्लु | – | 8,163 मीटर |
| • नंगा पर्वत | – | 8,125 मीटर |
| • अन्नपूर्णा | – | 8,091 मीटर |

## News Paper of 26 May, 2022

- **कैप्टन अभिलाषा बराक भारतीय सेना की पहली 'कॉम्बैट एविएटर' (लड़ाकू विमान चालक) बनीं–**

25 मई, 2022 को कैप्टन अभिलाषा बराक भारतीय सेना की पहली 'कॉम्बेट एविएटर' (लड़ाकू विमान चालक) बनीं। कैप्टन अभिलाषा पहली महिला अधिकारी हैं जो सेना की उड्डयन कमान में शामिल हुई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि कॉम्बेट आर्मी एविएशन पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद हासिल की है।

## News Paper of 28 May, 2022

- **भारतीय लेखिका गीतांजलि श्री के हिन्दी उपन्यास 'रेत समाधि' को अन्तर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिला–**

26 मई, 2022 को भारतीय लेखिका गीतांजलि श्री के हिन्दी उपन्यास 'रेत समाधि' (टॉम्ब ऑफ सैण्ड) को अन्तर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपन्यास का अंग्रेजी में अनुवाद डेजी रॉकवेल ने 'टॉम्ब ऑफ सैण्ड' नाम से किया गया। भारतीय भाषा का इस पुरस्कार को पाने वाला यह पहला उपन्यास है।

- ♦ इंटरनेशनल बुकर पुरस्कार हर साल अंग्रेजी में अनुवादित और इंग्लैण्ड/आयरलैण्ड में छपी पुस्तक को दिया जाता है।
- ♦ बुकर पुरस्कार का पूरा नाम मैन बुकर पुरस्कार फॉर फिक्शन है। यह 1969 से दिया जा रहा है। इसकी स्थापना 1969 में ही इंग्लैण्ड की बुकर माकोनल कम्पनी ने की थी।

- **1971 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के प्रतीक राइफल और हेलमेट को इंडिया गेट से हटाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर परम योद्धा स्थल पर स्थानान्तरित किया गया–**

27 मई, 2022 को 1971 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के प्रतीक राइफल और हेलमेट को इंडिया गेट से हटाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर परम योद्धा स्थल पर परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं की प्रतिमाओं के बीच स्थापित किया गया। इस तरह 1971 के युद्ध में शहीद सैनिकों के स्मारक का राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के साथ एकीकरण पूरा हुआ। अमर जवान ज्योति की स्थापना शहीदों की याद में की गई थी।

## News Paper of 29 May, 2022

- **राजस्थान के जैसलमेर में स्थापित देश के पहले हाईब्रिड विंड-सोलर पावर प्लांट में बिजली उत्पादन शुरू; 390 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता; 25 साल के लिए भारतीय सौर ऊर्जा निगम से 2.69 रु. प्रति किलोवाट की शुल्क दर से पीपीए हुआ–**

28 मई, 2022 को राजस्थान के जैसलमेर में स्थापित देश के पहले हाईब्रिड विंड-सोलर पावर प्लांट में बिजली उत्पादन शुरू हुआ। यह प्लांट अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

(एजीईएल) की सहायक कम्पनी अडानी हाईब्रिड एनर्जी जैसलमेर वन लिमिटेड की ओर से लगाया गया है। इस प्लांट की बिजली उत्पादन क्षमता 390 मेगावाट है। इस प्लांट की बिजली को खरीदने के लिए भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) का कम्पनी के साथ 2.69 रु. प्रति किलोवाट की शुल्क दर से पीपीए (बिजली खरीद समझौता) हुआ।

- **कांस फिल्म फेस्टिवल में शौनक सेन की डॉक्यूमेंटरी ऑल दैट ब्रीथ्स ने शीर्ष वृत्त चित्र पुरस्कार गोल्डन आइ जीता–**

हाल ही में फ्रांस में चल रहे 75वें कांस फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म निर्माता शौनक सेन की डॉक्यूमेंटरी ऑल दैट ब्रीथ्स ने शीर्ष वृत्तचित्र पुरस्कार गोल्डन आइ जीता है। यह वृत्तचित्र प्रवासी पक्षियों के लिए जीवन समर्पित करने वाले दो भाइयों की कहानी है। यह डॉक्यूमेंटरी इससे पहले सनडोस फिल्म फेस्टिवल में डॉक्यूमेंटरी सेक्शन में वर्ल्ड सिनेमा ग्रैंड जूरी प्राइस भी जीत चुकी है।

## News Paper of 30 May, 2022

- **IPL-2022 का खिताब गुजरात टाइटंस ने अपने पहले ही IPL सीजन में जीता–**

29 मई, 2022 को आईपीएल के 15वें सीजन का खिताब अपने पहले ही आईपीएल सीजन में गुजरात टाइट्ंस ने जीता। अहमदाबाद (गुजरात) में नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में IPL के फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराया।

**आईपीएल-2022 के 15वें सीजन के महत्त्वपूर्ण तथ्य–**

- IPL-2022 विजेता टीम—गुजरात टाइटंस
- IPL-2022 उपविजेता टीम—राजस्थान रॉयल्स
- सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज—जोस बटलर (863 रन बनाए)
- सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज—युजवेन्द्र चहल (68 ओवर में 27 विकेट लिए, बेस्ट—5/40) (पर्पल कैप विजेता)
- मैन ऑफ द मैच (फाइनल के)—हार्दिक पांड्या
- प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट—जोस बटलर (ओरेंज कैप विजेता)
- IPL-2022 की सबसे तेज गेंद गुजरात टाइटंस के लॉकी फर्ग्यूसन ने फैंकी (157.3 kmph)।

**आईपीएल के प्रारम्भ से 15वें सीजन तक के विजेता**

| आईपीएल वर्ष | | विजेता टीम |
|---|---|---|
| 2008 | – | राजस्थान रॉयल्स (RR) |
| 2009 | – | डेक्कन चार्जर्स New Name—सनराइज हैदराबाद (SRH) |
| 2010 | – | चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) |
| 2011 | – | चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) |
| 2012 | – | कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) |
| 2013 | – | मुम्बई इंडियंस (MI) |
| 2014 | – | कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) |
| 2015 | – | मुम्बई इंडियंस (MI) |
| 2016 | – | सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) |
| 2017 | – | मुम्बई इंडियंस (MI) |
| 2018 | – | चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) |
| 2019 | – | मुम्बई इंडियंस (MI) |
| 2020 | – | मुम्बई इंडियंस (MI) |
| 2021 | – | चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) |
| 2022 | – | गुजरात टाइटंस (GT) |

- **विभिन्न योजनाओं को एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार 'जन समर्थज' पोर्टल लॉन्च करेगी–**

हाल ही में केन्द्र सरकार के लिए गए निर्णयानुसार विभिन्न प्रकार की अलग-अलग योजनाओं को एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार शीघ्र ही 'जन समर्थज' पोर्टल लॉन्च करेगी। इस पोर्टल की मदद से आम लोगों के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की ओर से चलाई जाने वाली अलग-अलग योजनाओं को एक्सेस करना सरल हो जाएगा।

इस पोर्टल में प्रारम्भ में 15 क्रेडिट-लिंक्ड सरकारी योजनाओं को शामिल किया जाएगा। बाद में इसका विस्तार किया जाएगा। इस पोर्टल में ओपन आर्किटेक्चर होगा जिससे राज्य सरकारें और अन्य संस्थान भी इस प्लेटफार्म पर अपनी योजनाओं को शामिल कर सकेंगे।

- **अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर बना; वित्त वर्ष 2021-22 में ₹ 9.26 रु लाख करोड़ का व्यापार–**

वित्तीय वर्ष 2021-22 में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर बना है। इस अवधि में दोनों देशों के बीच ₹ 9.26 लाख करोड़ (119.42 अरब डॉलर) का द्विपक्षीय व्यापार हुआ। वित्त वर्ष 2020-21 में यह 80.51 अरब डॉलर था।

- **भारत से अमेरिका को इन चीजों का हो रहा निर्यात :** पेट्रोलियम, पॉलिश्ड डायमंड, फार्मा प्रोडक्ट्स, ज्वैलरी, लाइट ऑयल व पेट्रोलियम और फ्रोजन झींगे आदि।
- **अमेरिका से भारत इन चीजों का कर रहा आयात :** पेट्रोलियम, रफ डायमंड, लिक्विफाइड नेचुरल गैस, सोना, कोयला, वेस्ट एंड स्क्रैप, बादाम आदि।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**2021-22 में भारत के टॉप-5 व्यापार साझीदार**

| देश | व्यापार ( अरब डॉलर में ) |
|---|---|
| अमेरिका | 119.42 |
| चीन | 86.39 |
| यूएई | 72.9 |
| सऊदी अरब | 42.85 |
| इराक | 34.33 |
| सिंगापुर | 30.00 |

**News Paper of 31 May, 2022**

- **कोरोना से अनाथ हुए बच्चों को 'पीएम केयर्स ऑफ चिल्ड्रन योजना' के तहत प्रतिमाह 4,000 रुपये मिलेंगे–**

  30 मई, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों को 'पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना' के तहत मदद जारी की। यह योजना गत वर्ष शुरू की गई थी। इस योजना का मकसद ऐसे बच्चों की मदद करना है, जिन्होंने कोरोना के कारण 11 मार्च, 2020 से 28 फरवरी, 2022 के बीच माता-पिता या अभिभावकों को खो दिया हो। इसमें प्रतिमाह 4,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसके साथ पाँच लाख तक के मुफ्त ईलाज के लिए आयुष्मान हेल्थ कार्ड मिलेगा, प्रोफेशनल कोर्स और उच्च शिक्षा के लिए एजुकेशन लोन की सुविधा होगी तथा 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 10 लाख रुपये दिए जाएँगे।

संजीव प्रकाशन

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**विगत 47 वर्षों से विश्वसनीय एवं लोकप्रिय संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु पूर्णतः पाठ्यक्रम आधारित संशोधित पुस्तकें बाजार में उपलब्ध**

सभी पुस्तकों में आर्थिक समीक्षा 2021-22 एवं बजट 2022-23 के तथ्यों एवं आंकड़ों का समावेश किया गया है। रीट हेतु प्रकाशित सभी पुस्तकों का 12 अप्रैल, 2022 एवं शिक्षक ग्रेड I व II के पेपर I का मई 2022 को जारी पाठ्यक्रम के आधार पर पूर्णतः संशोधन किया गया है, जिनमें नवीनतम आँकड़ों एवं अप्रैल 2022 तक आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नों का समावेश किया गया है।





**सुप्रसिद्ध मार्गदर्शक एवं लेखक**

## मनोहर सिंह कोटड़ा

**एस.आर.आँजणा एवं दीपा रत्नू**

**की सर्वोपयोगी पुस्तकें उपलब्ध**

**वर्ष 2022-23 का नवीनतम संस्करण देखकर खरीदें।**




**संजीव प्रतियोगिता परीक्षा पुस्तकों की विशेषताएँ :** • नवीन पाठ्यक्रम का समावेश • विस्तृत एवं सटीक विषय सामग्री का समावेश • अप्रैल 2022 तक आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नों का समावेश • विगत परीक्षाओं के हल प्रश्न पत्रों का समावेश • प्रसिद्ध विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार विषय सामग्री • अशुद्धि रहित नवीनतम एवं पूर्णतः संशोधित पाठ्य सामग्री।

**अपने निकटतम पुस्तक विक्रेता से आज ही खरीदें।**

**संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें :** राजस्थान की आर्थिक समीक्षा 2021-22 का सार संग्रह; राजस्थान के बजट 2022-23 का सार संग्रह; राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी (जनवरी 2021 से प्रत्येक माह)

**प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर**

Visit us at : www.sanjivprakashan.com